सिटीएक्टिविटी

तमिल संगम भोपाल को प्रथम पुरस्कार

भोपाल। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को राज्य स्तरीय समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस राज्य स्तरीय समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान तमिल संगम भोपाल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस दौरान बीएचईएल भोपाल के कार्यपालक निदेशक एसएम रामनाथन, बीके सिंह महाप्रबंधक, अविनाश चंद्रा महाप्रबंधक, टीयू सिंह अपर महाप्रबंधक, प्रदीप नायर, सुब्रमण्यम आदि मौजूद थे।

उपमुख्यमंत्री ने दिया राधारमण ग्रुप को अवॉर्ड

भोपाल। राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, भोपाल को प्रॉमिनेंट लीडर्स इन इंजीनियरिंग, मेडिकल एंड फार्मास्युटिकल एजुकेशन का एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित ''माईएफएम एक्सीलेंस अवॉर्ड्स-2024'' राधारमण ग्रुप के चेयरमैन राधारमण सक्सेना को निजी होटल में आयोजित समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रदान किया।

अप्रेंटिस कर्मियों के लिए प्रशिक्षण संपन्न

भोपाल। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा हाल ही में आए नए अप्रेंटिस कर्मियों के लिए एक दिवसीय परिचयात्मक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सेंट्रल बैंक के अधिकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रमुख राजीव रंजन सिन्हा ने किया। विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य पी. श्रीनिवास राव उपस्थित थे।

आरकेएमपी पर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

भोपाल। केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के भोपाल आगमन पर दक्षिण भारतीय समाज ने स्वागत किया और उन्हें मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई दी, साथ ही उन्हें ज्ञापन सौंप कर भोपाल से दक्षिण भारत की ओर जाने व आने वाली ट्रेनों के रानी कमलापति स्टेशन पर स्टॉपिज की मांग की।

मिठी स्कूल में एकल नृत्य प्रतियोगिता

संत हिरदाराम नगर। मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली से लेकर कक्षा छठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रतियोगिता में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं।

कन्या महाविद्यालय में अंतरिक्ष दिवस मनाया

संत नगर। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में भौतिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। कार्यक्रम, चंदमा को छूते हुए जीवन को छूना भारत की अंतरिक्ष गाथा विषय पर आधारित था। यह उत्सव न केवल पूर्ववर्ती असाधारण उपलब्धियों का प्रतिबिंब था, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक प्रकाशस्तंभ भी था, जो दुनिया को आकार देने में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। सभा को संबोधित करते हुए, प्राचार्य डॉ. डालिमा परवानी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में जिज्ञासाओं को जागृत करने के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करते हैं।

बाजारों में लड्डू गोपाल की प्रतिमाएं एवं मोर-मुकुट सहित अन्य सामग्रियों की दुकानें सजीं

जन्माष्टमी पर बिड़ला मंदिर में होंगे विभिन्न आयोजन, भगवान लक्ष्मीनारायण पहनेंगे डेढ़ लाख की पोशाक

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां शहर में जोर-शोर से चल रही हैं। ऐसे में मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। कहीं भगवान को अहमदाबाद, मथुरा, वृंदावन से बुलाई गई नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी तो कहीं श्रद्धालु मंदिर में ही भगवान के लिए आकर्षक पोशाक तैयार कर हैं।

इस दौरान बिड़ला मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व विशेष रूप से मनाया जाता है। पूरे साल में यह पर्व प्रमुख होता है। इस दिन मंदिर सुबह से अर्ध रात्रि के बाद तक खुला रहता है। इस बार भी जन्माष्टमी के लिए मंदिर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर के प्रबंधक केके पांडेय ने बताया कि जन्माष्टमी पर भगवान लक्ष्मी नारायण सहित मंदिर में विराजमान देवताओं के लिए नवीन पोशाकें अहमदाबाद से मंगाई हैं। इसमें गोल्डन रंग चांदी के वर्क वाली पोशाक और मुकुट शामिल है। हर साल मंदिर में जन्माष्टमी पर भगवान के लिए विशेष पोशाक मंगाई जाती है। इसकी लागत डेढ़ लाख रुपए है।

भोपाल। जन्माष्टमी के लिए पूजा-सामग्री खरीदती महिलाएं।

मुरादाबाद के झूलों में झूलेंगे लड्डू गोपाल

शहर के बाजारों में भी जन्माष्टमी के चलते झूले, आसन, मोर मुकुट सहित अन्य पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। इसके लिए बाजारों में खरीदारी का सिलसिला भी शुरू हो गया है। लड्डू गोपाल की अलग-अलग प्रतिमाओं के साथ-साथ झूले और पोशाकें भी है। इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रद्धालु लड्डू गोपाल को मुरादाबाद और अलीगढ़ के झूलों में झुलाएंगे, साथ ही मथुरा, वृंदावन और नाथद्वारा की पोशाक, मोर मुकुट पहनाएंगे। बाजारों में लड्डू गोपाल की पोशाक से लेकर सिंहासन तक की कई वैरायटियां बाजार में है। पूजन सामग्री सहित घरों में भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां सजाने के लिए प्रतिमाएं, सिंहासन, झूले, मालाएं, मोर मुकुट आदि की खरीदारी चल रही है। लड्डू गोपाल की पोशाक के साथ मैचिंग श्रृंगार की भी खूब मांग है। श्रद्धालु पोशाक के साथ पगड़ी, हार, कड़ा, पटका, मुकुट आदि पसंद कर रहे हैं।

1 लाख 51 हजार की मटकी फोड़ प्रतियोगिता आज

कोलार स्थित सतैया चौराहे पर सरदार पटेल धार्मिक महोत्सव समिति की ओर से 24 अगस्त को मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें अनेक स्थानों की टीमे भाग लेंगी। विजेता टीम को 1 लाख 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। समिति के संरक्षक रविंद्र यती ने बताया कि इस दौरान देश विदेश के कलाकार प्रस्तुति देंगे।

शोभायात्रा में 21 स्थानों पर गोपाला फोड़ेंगे मटकी

जन्माष्टमी के मौके पर 26 अगस्त को श्रीजी मंदिर लखेरापुरा से हरिहर महोत्सव समिति की ओर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर दोपहर में तिलक उत्सव होगा। श्रीजी मंदिर के श्रीकांत शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा में अनेक झांकियां शामिल होंगी, इसके साथ ही 21 चौराहों पर दही हांडी बांधी जाएगी जिसे गोपालाओं की टीमें फोड़ेंगी।

भोपाल पंजाबी समाज का स्नेह सम्मेलन 25 को

भोपाल। भोपाल पंजाबी समाज 25 अगस्त (रविवार) को केरवा डैम स्थित ईको पार्क में स्नेह सम्मेलन करने जा रहा है। सम्मेलन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसमें फन एक्टिविटी के साथ विभिन्न गेम्स भी खिलाए जाएंगे। साथ ही ब्रेकफास्ट और लंच की व्यवस्था भी की गई है।

अध्यक्ष संजीव सचदेवा ने बताया कि सम्मेलन में अनेक मनोरंजक कार्यक्रम गेम्स, तंबोला, झूले, बैलगाड़ी राइड, लकी ड्रा, ट्रैक्टर ट्रॉली राइड, क्विज सहित गीत संगीत की व्यवस्था की गई है।

गुजराती समाज का आनंद मेला आठ सितंबर को लगेगा

भोपाल। गुजराती समाज 8 सितंबर को गुजराती भवन में आनंद मेला आयोजित करेगा। इसकी तैयारियों को लेकर समाज की बैठक भी हुई। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से आनंद मेले में केवल महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टॉल ही लगाए जाएंगे। उन महिलाओं के स्टॉलों के पंजीयन किए जाएंगे, जो गृह उद्योग संचालित कर रही हैं, ताकि उन्हें आर्थिक लाभ हो और समाज का प्रोत्साहन मिले।

इच्छाएं हमें गर्त में ले जाती हैं, जरूरतें कम कर लेते हैं सत पुरुष: विनम्र सागर

संतों के चातुर्मास में राजधानी के जैन मंदिरों में बरस रहा भक्ति रस

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

राजधानी में संतों के चातुर्मास के दौरान जैन मंदिरों में श्रद्धा भक्ति और आस्था का संगम दिखाई दे रहा है। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मंदिरों में भक्ति रस बरस रहा है। वहीं संतों द्वारा आशीष वचन में धर्म, आध्यात्मिक के साथ पर्यावरण की रक्षा और अपने समाज, प्रदेश और देश के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने की सीख दी जा रही है। नंदीश्वर जिनालय में आचार्य विनम्र सागर महाराज के चातुर्मास के दौरान सुबह से ही विशेष अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि नंदीश्वर जिनालय में भक्तामर मंडल विधान व शिविर आयोजित किया जा रहा है। आचार्य विनम्र सागर महाराज ने आशीर्वचन में कहा कि इच्छाओं का पूरी तरह निरोध ही मोक्ष है। इच्छाएं और आकांक्षाएं हमें गर्त में ले जाती हैं, जो जरूरत को कम कर लेता है, वह सत पुरुष है।

अशोका गार्डन जैन मंदिर : अशोका गार्डन जैन मंदिर में मुनि विश्व सूर्य सागर महाराज, शाहपुरा जैन मंदिर में मुनि सुदत्त सागर महाराज, मुनि भूदत्त सागर महाराज, छुलक चंद्र दत्त सागर महाराज के सानिध्य में पूजा अर्चना के साथ अनुष्ठान हुए।

चौक जैन मंदिर: चौक जैन मंदिर में आर्यिका गुरुमति माताजी, आर्यका दृढ़ मति माताजी, शंकराचार्य जिनालय में आर्यिका विमल श्री माताजी, विन्हे श्री माताजी, वितप श्री माताजी के सानिध्य में शुक्रवार को कल्याण मंदिर विधान में श्रद्धालु द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई।

अयोध्या नगर जैन मंदिर: अयोध्या नगर जैन मंदिर में आर्यिका अकलंक मति माताजी और आर्यिका सिद्ध मति के सानिध्य में भगवान पार्श्व नाथ का अभिषेक और शांति धारा की गई।

श्वेताबंर जैन समाज के पर्यूषण पर्व 31 अगस्त से शुरू होंगे

भोपाल। श्वेताबंर जैन समाज में पर्यूषण पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आठ दिवसीय महापर्व का शुभारंभ 31 अगस्त से हो रहा है।

चौक स्थित श्वेताबंर जैन मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष राजेश तातेड़ ने बताया कि आत्मशुद्धि के पर्व के दौरान श्रद्धालु जीवदया, क्षमा, ज्ञान, निर्जला व्रत और भक्ति के दान पुण्य करेंगे। महापर्व के दौरान चौक, कोहेफिजा, तुलसी नगर, भेल, पिपलानी और पंचवटी स्थित जिनालयों में अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आराधना के लिए वर्धमान जैन तत्वज्ञान केंद्र चेन्नई के तीन विद्वान श्रावक 30 अगस्त को भोपाल पहुंच रहे हैं। वहीं दिगबंर जैन समाज के पर्यूषण पर्व 8 सितंबर से शुरू होकर 17 सितंबर तक चलेंगे।

सैटेलाइट लॉन्चिंग का वीडियो देखकर रोमांचित हुए स्टूडेंट्स

श्रमोदय स्कूलों में अंतरिक्ष दिवस आयोजित

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9893231237

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले हम प्रथम देश हैं। इसरो के जरिए हमने अब तक दूसरे देशों के 432 उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किए हैं। यह बात मेपकास्ट के पूर्व चीफ साइंटिस्ट तस्नीम हबीब ने श्रमोदय आवासीय विद्यालय में पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के आयोजन में कही। इस दौरान सैटेलाइट लॉन्चिंग का वीडियो देखकर स्टूडेंट्स रोमांचित हुए।

हबीब ने अपने उद्बोधन में विस्तार से इसरो के विकास एवं उसके अंतरिक्ष मिशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चंद्रयान प्रथम, चंद्रयान सेकंड और चंद्रयान 3 मिशन की तकनीक के बारे में स्टूडेंट्स को विस्तार से बताया। उन्होंने इसरो द्वारा प्रेषित चंद्रयान 3 के छायाचित्र भी शेयर किए। उन्होंने प्रज्ञान रोवर में लगे विभिन्न सेंसर और उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्ष की गाथा को बताने वाली फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। जिसे देखकर विद्यार्थी रोमांचित हो उठे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित शैलेंद्र कसेरा ने विद्यार्थियों को रैकेट लॉन्चिंग की तकनीक के बारे में बताया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सॉफ्ट लैंडिंग तकनीक के मॉडल का हैंड्स ऑन प्रदर्शन किया गया।

हजूर में आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव में भाग लेंगे सीएम

भोपाल। हजूर विधानसभा में आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव में सीएम भी शामिल होंगे। हजूर के विभिन्न क्षेत्रों में रक्षाबंधन महोत्सव में प्रतिदिन हजारों बहनें एकत्रित होकर विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांध रही हैं।

शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हुजूर के बिलखिरिया क्षेत्र में होने वाले महोत्सव में शामिल होंगे। इस महोत्सव में हुजूर की हजारों बहनें शामिल होंगी, जो मुख्यमंत्री एवं विधायक भाई को रक्षासूत्र बांधकर आशीर्वाद देंगी। आयोजन को लेकर रामेश्वर शर्मा ने कहा है कि - रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट रिश्ते का पर्व है। जब स्वयं प्रदेश के मुखिया इसमें शामिल हो रहे हैं तो यह और भी विशेष हो जाता है।

बिजली का मेंटेनेंस करने वालों के लिए सेफ्टी मैनुअल तैयार

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9425018933

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (ट्रांसको) ने अपने जीरो एक्सीडेंट और सुरक्षा सर्वोपरि लक्ष्य को कायम रखने की दिशा में हिंदी में सुरक्षा नियमावली (सेफ्टी मैनुअल) बनाई है। स्वतंत्रता दिवस पर प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी व निवर्तमान मुख्य अभियंता केके मूर्ति ने इसका विमोचन किया। इसे मैनुअल आईई रूल्स-1956, इंडियन इलेक्ट्रिक सिटी एक्ट-2003, सीईए रेगुलेशन्स -2010 एवं ग्रिड कोड के अंतर्गत सुरक्षा संबंधित गाइडलाइनों के अनुसार विकसित किया है। इसे एमपी ट्रांसको के 41,000 सर्किट किमी से अधिक की लाइनों एवं 416 एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों में मेंटेनेंस करने वाले कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रख कर तैयार किया है।

महंगाई भत्ते के लिए ढोल बजाएंगे कर्मचारी

भोपाल। कर्मचारी मंच के नेतृत्व में कर्मचारी अपने चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की मांग को लेकर सितंबर के प्रथम सप्ताह में मंत्रालय के सामने ढोल बजाकर प्रदर्शन करेंगे, यह निर्णय शुक्रवार को कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में अशोक पांडे, सुनील पाठक, सत्येंद्र पांडे, चांद सिंह, अमर अहिरे, मदन लाल मेहरा, शिव प्रसाद सायुले, रामबाबू सोनी, राजेंद्र शर्मा, भगवान दास बिल्लोरे आदि मौजूद थे।

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(Government of M.P. Undertaking)
Office of General Manager (O&M) Circle Bhopal
Phone No. : 0755-258838-339, Mobile No. : 9406902465, E-mail : seombhopal.cz@gmail.com
No. GM/O&M/PUR//2024-25/2191 Bhopal, Dated : 22.08.2024

NOTICE INVITING E-TENDERS

E-tender is invited from eligible Electrical Contractors who are registered under A-4 and above category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work on semi turnkey basis :-

Particulars	Approx. Value (In lakh)	Cost of Tender Document (Rs.)	EMD (Rs.)	Date of Opening Tender
01 Nos. Augmentation of PTR 5 TO 8 MVA at location Lambakheda and removed 1 Nos. 5 MVA PTR used for Aug. of PTR 3.15 TO 5 MVA at location Kalyanpur and removed 3.15 PTR used for Addl. PTR at location Runaha.	54.66	5,000/- + GST @18 % Extra	1,09,400/-	12.09.2024 at 15:30 PM

Other details, terms and conditions are available on company website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.
M.P. Madhyam/116060/2024 GENERAL MANAGER (O&M)

चालीहा महोत्सव में भगवान को लगाए विभिन्न प्रकार के भोग, समापन आज

पीपुल्स संवाददाता • संत नगर
मो.नं. 8602467816

सिंधी समाज के इष्टदेवता भगवान झूलेलाल का प्रमुख पर्व चालीहा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। 16 जुलाई से शुरू हुआ कठोर तपस्या का पर्व चालीहा महोत्सव का समापन 24 अगस्त शनिवार को होगा।

समापन से एक दिन पहले शुक्रवार को मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भगवान की महाआरती कर अलग-अलग प्रकार का भोग लगाया गया। संत नगर में तीन अलग-अलग मंदिरों में चालीहा पर्व मनाया जा रहा है। चालीहा महोत्सव के समापन पर मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे और शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। न्यू बी 10 स्थित झूलेलाल चालीहा साहब मंदिर समिति द्वारा महोत्सव के समापन के दिन सिंधु समाज भवन में सिंधी साहित्य अकादमी के सहयोग से धार्मिक कार्यक्रम रखा गया है। सुबह 11 बजे भगवान झूलेलाल के भजन, बहिराणा साहब की पूजा, सिंधी छेज सहित अन्य आयोजन होंगे और शाम को 4 बजे मंदिर से बहिराणा साहब के विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। उपनगर के वार्ड 4 अंतर्गत एच वार्ड स्थित प्राचीन झूलेलाल मंदिर में आयोजित महोत्सव के समापन पर ठाकुर साईं गिरीशलाल कार्यक्रम में शामिल होंगे।

संत नगर। सिंधी समाज चालीहा महोत्सव धूमधाम से मना रहा है।

JM FINANCIAL | **जेएम फायनेंशियल एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
कार्पोरेट आइडेन्टिटी नम्बर: U67190MH2007PLC174287
संपर्क व्यक्ति : 1. गौरव श्रीवास्तव-9479942515, 2. विशाल केतेने-9584966653 3. सिंदुजा पिल्लई -022-62241676
पंजीकृत आफिस : 7वीं मंजिल, सिनर्जी, अपना सांस्कृतिक मार्ग, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025,
Website — www.jmfinancialarc.com **ई-नीलामी बिक्री सूचना-आगामी बिक्री**

पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने धारा 5(1)(बी) के तहत सभी अभिनिर्धारित सुरक्षा हित के साथ ऋण का एक पूल (नीचे उल्लिखित ऋण सहित) सौंपा है। जेएमएफआरसी (जेएम) के पक्ष में 29 मार्च, 2023 ("असाइनमेंट एग्रीमेंट") के एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ("सरफेसी अधिनियम") का प्रवर्तन। (यहां असाइनी के रूप में संदर्भित) जेएमएफआरसी-अरुणा-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है। सूचित किया जाता है कि PCHFL, की असाइनीज/हैंक्स अनुबंध के माध्यम से सभी परिचालन और प्रक्रिया प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवा प्रदाता/संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत और नियुक्त किया गया है।
उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा यहां उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि यहां बताया गया है, जो कब्जे में है, "जैसा है जहां है के आधार पर", "जैसा है जो है के आधार पर" और "जो है वह है के आधार पर", जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

ऋण कोड/शाखा/उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर	मांग सूचना दिनांक और राशि	संपत्ति का पता अंतिम	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि जमा (ईएमडी) (आरपी 10%)	कुल बकाया राशि (21-08-2024)
ऋण कोड संख्या: 13400002842, सी बी आई भोपाल जेएनटी सिंह (शाखा), एहतेशाम हुसैन जैदी (उधारकर्ता), एतिया नकवी (सह उधारकर्ता 1)	दिनांक: 23-04-2019, रु. 16,04,966/- (रु. सोलह लाख चार हजार नौ सौ छियासठ मात्र)	संपत्ति का पूरा हिस्सा इस प्रकार है:- फ्लैट नंबर एच-6, द्वितीय तल, फ्लैट नंबर 5,11,12 और 13 आस्था कॉम्प्लेक्स, काजी कैंप बैरसिया मेन रोड, भोपाल- 462001 सीमाएं:- उत्तर: फ्लैट नंबर एस-05, दक्षिण: फ्लैट नंबर 17 पूर्व: 20'-0' फीट चौड़ा कच्चा रोड पश्चिम: फ्लैट नंबर 37	रु. 9,03,000/- (रु. नौ लाख तीन हजार मात्र)	रु. 90,300/- (रु. नब्बे हजार तीन सौ मात्र)	रु. 35,50,459/- (रु. पैंतीस लाख पचास हजार चार सौ उनसठ मात्र)

ई-नीलामी दिनांक : 27-09-2024, 11.00 से 2.00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के अतिरिक्त विस्तार के साथ)
बोली जमा करने की अंतिम तिथि-26-09-2024, 4 बजे से पहले
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assetsforsale OR https://www.bankauction.in.
सरफेसी अधिनियम के तहत उधारकर्ता/गारंटर/बंधक को वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना
उपरोक्त उल्लिखित ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता धारा 13(2) नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान नीलामी की तिथि से पहले तक अतिरिक्त ब्याज के साथ पूर्ण रूप से करने के लिए देखा जाता है, जिसमें विफल होने पर संपत्ति की नीलामी/बेचा जाएगी और शेष राशि यदि कोई होगी उधारकर्ता/गारंटर से ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा
दिनांक: 24 अगस्त, 2024 इसी/-(प्राधिकृत अधिकारी)
स्थान: म प्र (अमन्ध-ट्रस्ट)